तापमान

अधिकतम 37 डिग्री

न्यूनतम 25 डिग्री

हरिभूमि

# धमतरी भूमि

रायपुर, शुक्रवार 3 अप्रैल 2026



शहर में 43 स्थानों पर बनेंगे वाटर हार्वेस्टिंग 24 जगह निर्माण ... 11





रूद्रावतार श्री हनुमान के जन्म महोत्सव पर उमड़ा जनसैलाब 12






## खबर संक्षेप

### तहसील ग्राम पटेल की मासिक बैठक आज

**जीजामगांव।** तहसील ग्राम पटेल संघ भखारा की मासिक बैठक 3 अप्रैल को सुबह 10 बजे त्रिकुटीधाम कोसमर्रा में रखी गई है। ग्राम पटेलों से उपस्थिति की अपील की गई है।

### सिवनीबाजार जातरा आज

**डांडेसरा(धमतरी)।** इस वर्ष भी 3 अप्रैल शुक्रवार को मां अंगारमोती सिवनीबाजार का जातरा रखा गया है। रात्रि में भूपेश साल्हेटोला चारामा की प्रस्तुति होगी। कार्यक्रम की तैयारी में कुंवर सिंह, तुलसीराम, भोज, सुभाष सोनवानी जुटे हुए हैं।

### कांटाकुर्रीडीह में मानस गान स्पर्धा आज से

**कुकरेल(धमतरी)।** ग्राम कांटाकुर्रीडीह में हनुमान जयंती के उपलक्ष्य में तीन दिवसीय दिवसीय मानसगान प्रतियोगिता का आयोजन 3 से 5 अप्रैल तक किया गया है जहां ख्यातिप्राप्त मानस मंडलियां भाग लेंगी। मानसगान प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि मोहन मंडावी होंगे। अध्यक्षता सरपंच श्रीमती कमलेश्वरी ध्रुव करेंगी। विशिष्ट अतिथि महेश गोटा, ग्रामीण अध्यक्ष अश्वनी ठाकुर, कृष्णा साहू, बसंत मौर्य एवं खेमन साहू होंगे। यह जानकारी अजय नेताम ने दी।

### थूहा में सामाजिक चिंतन कार्यक्रम 5 को

**सिर्री।** गुरु घासीदास आश्रम थूहा बंगोली में 5 अप्रैल रविवार को सुबह 11 बजे से सामाजिक चिंतन कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। हमारी जमीन और हमारा समाज तथा शासन-प्रशासन और हमारा प्रतिनिधित्व विषयों पर दो सत्र में व्याख्यानमाला आयोजित है। व्याख्यान माला में हिस्सा लेने वाले नामांकित वक्तागण सुबह 11 बजे अपना पंजीयन कर लेंगे। स्वतंत्रता संग्राम 2018 आजादी के आंदोलन के सूत्रधार पंडित शंकर दादा और संयोजकगण बसंत ध्रुव, रूपेंद्र बघेल, डॉ देवचरण साहू, डॉ. रमेश भतपहरी, भुनेश्वर साहू, समारू सिन्हा, कामता साहू और कौशल साहू ने सामाजिक कार्यकर्ताओं, विद्यार्थियों और जनप्रतिनिधियों से कार्यक्रम में उपस्थित होने की अपील की है।

### भैंसबोड़ में पेंशनरों का सम्मेलन 8 को

**जीजामगांव।** पेंशनर्स एसोसिएशन तहसील इकाई भखारा का सम्मेलन 8 अप्रैल को 11 बजे से 4 बजे तक भैंसबोड़ (अंवरी) में गंगाप्रसाद साहू के मार्गदर्शन में उनके निज निवास में आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम प्रांतीय अध्यक्ष यशवंत देवान के मुख्य आतिथ्य में होगा। तहसील इकाई भखारा के नये सदस्यों एवं जन्म दिवस वालों का भी सम्मान किया जाएगा। कार्यक्रम में गीत, कविता, भाषण का समावेश रहेगा। कार्यक्रम का संचालन तहसील इकाई भखारा के अध्यक्ष भगवानीराम शांडिल्य एवं आभार प्रदर्शन गंगाप्रसाद साहू द्वारा किया जाएगा। सदस्यों से उपस्थित होने की अपील अध्यक्ष भगवानीराम शांडिल्य एवं सचिव शत्रुहन लाल साहू ने की है।

### करंट से युवक की मौत

**धमतरी।** विद्युत वायर की मरम्मत करते समय करंट की चपेट में आ जाने से युवक की मौत हो गई। अस्पताल पुलिस चौकी के अनुसार अर्जुनी थाना क्षेत्र के ग्राम सेहराडबरी निवासी रूपेश कुमार ध्रुव पिता अग्रहिज उम्र 38 वर्ष ड्राइवर था। बुधवार को युवक बिजली वायर की रिपेयरिंग कर रहा था। इसी दौरान वह करंट की चपेट में आ गया। गांव के लोग उसे उपचार के लिए जिला अस्पताल ले गए जहां डाक्टर ने चेकअप के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। चौकी पुलिस ने गुरुवार को शव का पंचनामा व पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है।

# जिले की सहकारी समितियों में किराये पर मिलेगा ड्रोन स्प्रेयर

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

सहकारी समितियों में किराये पर किसानों को ड्रोन की सुविधा उपलब्ध कराने की तैयारी चल रही है। पहले चरण में करीब 22 सहकारी समितियों में ड्रोन की व्यवस्था की जाएगी। गुरुवार को इस योजना के तहत कलेक्टोरेट में एक प्रशिक्षण और ड्रोन संचालन का डेमो हुआ। कलेक्टर ने इस डेमो को देखा।

जिले में खेती की नई-नई उन्नत तकनीक पर जोर दिया जा रहा है। इसी में से एक ड्रोन से कीटनाशक का छिड़काव है, लेकिन ड्रोन की कीमत अधिक होने के कारण छोटे और मंझोले किसान किसान इसे नहीं खरीद सकते हैं। इन किसानों को सुविधा देने के लिए अब सहकारी समितियों में ड्रोन की खरीदी की तैयारी चल रही है। इस ड्रोन को किसानों को किराये पर दिया जाएगा। एकड़ हिसाब से किराया चार्ज किया जाएगा। पहले चरण में करीब 22 सहकारी समितियों में ड्रोन खरीदा जाएगा।

बताया गया है कि ड्रोन 10 लीटर दवा की क्षमता वाला है, जिसकी कीमत 6 लाख रुपए है।

## 22 समितियों में ड्रोन खरीदी की योजना, कलेक्टोरेट में हुआ डेमो

### डेमो में समिति प्रबंधक, आपरेटर ने भाग लिया

इस योजना को लेकर कलेक्टोरेट के सभाकक्ष में चेन्नई की ड्रोन कम्पनी ने प्रशिक्षण दिया जिसमें समितियों के प्रबंधक, आपरेटर ने हिस्सा लिया। इसके बाद कलेक्टोरेट में ही ड्रोन का डेमो दिखाया गया। कम्पनी के कर्मचारियों ने बताया कि ड्रोन आपरेट करना काफी आसान है। यह जीपीएस आधारित है, जिससे खेतों का नक्शा बनाया जा सकता है। ड्रोन नक्शा के आधार पर उसी खेत में दवा का छिड़काव करेगा।



### कारगर है तकनीक

जिला सहकारी बैंक के बड़े बाबू बलरामपुरी गोस्वामी एक किसान हैं। उन्होंने बताया कि उन्होंने अपने गेहूं की फसल में ड्रोन से दवा का छिड़काव का डेमो करवाया था। यह तकनीक किसानों के लिए वरदान है। इसमें 5 मिनट में एक एकड़ का छिड़काव कर लिया जाता है। मैनुअल स्प्रे की अपेक्षा दवा की मात्रा भी आधी लगती है। यह किसानों का खर्च और समय दोनों बचा सकता है।

### गुरुवार को तरसींवा केंद्र में पहुंच गए 272 किसान

# चना बेचने उमड़ रहे किसान खरीदी केंद्रों में बिगड़ी व्यवस्था

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

चना खरीदी केंद्रों में अव्यवस्था का आलम है। भरी गर्मी में किसानों की भीड़ उमड़ रही है, जिन्हें छांव के लिए भटकना पड़ रहा है। यही नहीं चना को पास कराने के लिए किसानों से वसूली भी की जा रही है। खरीदी केंद्र जाम पड़े हुए हैं। उठाव की रफ्तार सुस्त है। किसानों को भुगतान भी नहीं मिल रहा है।



किसानों को सुविधा देते हुए जिले में चना, सरसों, मसूर की समर्थन मूल्य में खरीदी की जा रही है। इसके लिए जिले में 11 खरीदी केंद्र बनाए गए हैं। इन केंद्रों में किसानों के लिए नाममात्र सुविधा है। सुबह से ही किसान चना लेकर आते हैं। भीड़ ज्यादा होने के कारण कांटा के लिए


⏩ शेष पेज 10 पर


### उमड़ रही है भीड़

चना की मिंजाई अंतिम चरण में हैं। ऐसे में चना बेचने के लिए किसान उमड़ पड़े हैं। स्थिति को देखते हुए हर गांव के लिए अलग-अलग दिन निर्धारित कर उन्हें चना बेचने के लिए खरीदी केंद्रों में बुलाया जा रहा है, लेकिन लिमिट अभी भी तय नहीं है, जिसके चलते भीड़ कम नहीं हो रही है। गुरुवार को तरसींवा खरीदी केंद्र में 272 किसान 5500 कट्टा चना लेकर पहुंच गए थे। इतनी बड़ी संख्या में किसानों के आने से व्यवस्था चरमरा गई। खरीदी केंद्र में दो ही कांटा चल रहे हैं। इतनी बड़ी मात्रा में चना की तौलाई करने में ही तीन से चार दिन का वक्त लगेगा।

### वसूली की शिकायत

किसानों ने बताया कि चना की खरीदी केंद्र सरकार द्वारा आशा योजना के तहत की जा रही है। चने की क्वालिटी जांच करने के लिए दूसरे प्रदेश से अधिकारी पहुंचे हुए हैं। उनके द्वारा चने की क्वालिटी में खराबी बताकर वसूली की जा रही है। किसी से 200 तो किसी 500 रुपए तक वसूली की जा रही है। पिछले साल भी इस प्रकार की शिकायत मिली थी। किसान बिसंभर साहू, संदीप साहू सहित अन्य लोगों ने बताया कि चना फेल होने के डर में किसान शिकायत करने से बच रहे हैं।

### सर्वाधिक खरीदी तरसींवा में

चना खरीदी की स्थिति देखें तो बुधवार तक जिले में 600 किसानों से 8779.50 क्विंटल खरीदी हुई है। इसमें से तरसींवा खरीदी केंद्र में ही 455 किसानों ने 6307 क्विंटल चना बेचा है। भखारा खरीदी केंद्र में 3 किसानों ने 33 क्विंटल, कातलबोड़ के 3 किसानों ने 27.50 क्विंटल, कुरूद खरीदी केंद्र में 15 किसानों ने 1195 क्विंटल, छाती खरीदी केंद्र में 112 किसानों ने 1126 और संबलपुर खरीदी केंद्र में 12 किसानों ने 91 क्विंटल चना बेचा है। बोरसी, मगरलोड, नगरी, सलोनी, लोहरसी खरीदी केंद्र में बोहनी तक नहीं हुई है।

### न उठाव, न भुगतान

खरीदी शुरू हुए 1 माह हो चुका है, लेकिन अब तक चना का उठाव शुरू नहीं हुआ है। यही नहीं किसानों को भुगतान भी नहीं किया गया है। जानकारी के अनुसार जितने किसानों ने चना बेचा है, उन्हें 515 लाख रुपए से ज्यादा राशि का भुगतान किया जाना है। अब तक एक भी किसान को भुगतान नहीं किया गया है। बताया गया है कि जब तक उठाव नहीं होगा, तब तक किसानों को भुगतान नहीं किया जाएगा।

# हरदी में नवविवाहिता की हत्या का खुलासा, पति और सास गिरफ्तार

- घरेलू विवाद बना हत्या की वजह, पुलिस की सूझबूझ और वैज्ञानिक जांच से सुलझा मामला

हरिभूमि न्यूज ⏭मगरलोड




चौकी करेलीबड़ी क्षेत्र के ग्राम हरदी में नवविवाहिता की हत्या का खुलासा हुआ है। इस मामले में पति सहित सास को गिरफ्तार कर लिया गया है।

घटना 30 मार्च की है। ग्राम हरदी में नवविवाहिता की मृत्यु की सूचना प्राप्त होते ही चौकी करेलीबड़ी पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुंची। प्रारंभिक जांच में मामला संदिग्ध प्रतीत होने पर मर्ग कायम कर गंभीरता से विवेचना प्रारंभ की गई। घटनास्थल का सूक्ष्म निरीक्षण, परिस्थितिजन्य साक्ष्य संकलन एवं गवाहों के कथनों के आधार पर पुलिस ने हर पहलू पर बारीकी से जांच की। शव परीक्षण रिपोर्ट में मृत्यु का कारण श्वास अवरुद्ध (गला घोंटने) तथा मृत्यु की प्रकृति हॉमीसाइडल (हत्या) पाए जाने पर मामला स्पष्ट रूप से हत्या का होना प्रमाणित हुआ।

विवेचना के दौरान करेलीबड़ी पुलिस की सतत पूछताछ एवं एफएसएल टीम द्वारा तथ्यों का विश्लेषण एवं तकनीकी साक्ष्यों के समन्वय से यह तथ्य सामने आया कि मृतिका का अपने पति चन्द्रशेखर यादव के साथ संतान को लेकर अक्सर विवाद होता था। घटना दिनांक को भी इसी बात को लेकर विवाद हुआ। आरोपी ने गुस्से में आकर अपनी पत्नी का गला रस्सी से दबाकर हत्या कर दी। पुलिस की सख्ती से आरोपी चन्द्रशेखर यादव पिता एवन लाल यादव उम्र 26 वर्ष ग्राम हरदी ने अपना जुर्म स्वीकार किया। उसकी निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त काले रंग की नोई रस्सी जब्त की गई। उसे 1 अप्रैल को गिरफ्तार किया गया।

जांच के दौरान यह भी स्पष्ट हुआ कि आरोपी की मां रीना बाई यादव पति एवनलाल यादव उम्र 46 वर्ष ने घटना की सच्चाई छुपाते हुए मृतिका की मृत्यु को सीने में दर्द से होना बताकर भ्रामक सूचना दी। उसने साक्ष्य को छुपाने की कोशिश एवं पुलिस को गुमराह करने के प्रयास किया। उसे भी गिरफ्तार किया गया। धारा 103(1), 238(क) भारतीय न्याय संहिता के तहत मामला पंजीबद्ध कर न्यायिक रिमांड पर दोनों आरोपियों को जेल भेजा गया है।

### घटना के बाद दोनों वाहन चालक फरार

# आटो व बाइक की ठोकर से वृद्ध दंपति सहित तीन घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी







तेज रफ्तार आटो ने वृद्ध दंपति को ठोकर मार घायल कर दिया। वहीं बाइक चालक ने एक वृद्धा को ठोकर मार दी। घटना के बाद दोनों वाहन चालक मौके से फरार हो गए।

मिली जानकारी के अनुसार बालोद जिले के ग्राम भोथली निवासी रोमनाथ साहू पिता बृजमोहन उम्र 62 वर्ष गुरूवार को अपनी पत्नी बीनबाई साहू उम्र 60 वर्ष के साथ चश्मा बनवाने धमतरी आया था। चश्मा बनवाकर वृद्ध दंपति दोपहिया वाहन में सवार होकर खपरी-आमदी होते हुए अपने गांव ग्राम भोथली जाने के लिए निकले थे। इसी दौरान बठेना चौक के पास तेज रफ्तार आटो के चालक ने दंपति को ठोकर मार दी। घटना में दोनों घायल हो गए। वहीं हादसे के बाद चालक अपने आटो के साथ मौके से फरार हो गया। घटनास्थल के पास स्थित बैंक के गार्ड ने घायल दंपति को देख मानवता दिखाते हुए वरदान सेवा समिति को घटना की सूचना दी। संस्था के शिवा प्रधान व हेमंत एम्बुलेंस के साथ घटनास्थल पहुंचे और घायल दंपति को उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया जहां दोनों का इलाज जारी है। वहीं दूसरी घटना में जोधापुर निवासी रमैया बाई सोनी पति तीरथराम उम्र 65 वर्ष गुरूवार को वार्ड में स्थित अटल आवास के पास से पैदल गुजर रही थी। इसी दौरान तेज रफ्तार बाइक के चालक ने वृद्धा को जोरदार ठोकर मार दी। घटना के बाद बाइक चालक मौके से भाग गया। बाइक की ठोकर से वृद्धा गंभीर रूप से घायल हो गई। उसके सिर पर चोट लगी है। आसपास के लोगों ने तत्काल मदद करते हुए घटना की सूचना वरदान संस्था को दी। घायल वृद्धा को उपचार के लिए तत्काल जिला अस्पताल पहुंचाया गया।

### ग्राम आमदी के पास हुआ हादसा

# अनियंत्रित बाइक पेड़ से टकराई एक युवक की मौत, दूसरा गंभीर

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी





आमदी से वापस अपने घर लौट रहे युवकों की बाइक अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई। इस हादसे में बाइक सवार एक युवक की मौत हो गई है, वहीं दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया है।

अस्पताल पुलिस चौकी के अनुसार केरेगांव थाना क्षेत्र के ग्राम बनबगौद निवासी लिकेशकुमार ठाकुर पिता राजेंद्र उम्र 26 वर्ष राजमिस्त्री का काम करता था। युवक बुधवार को ग्राम सिरौदकला-बनबगौद निवासी हरीश चंद्रवंशी के साथ मोटरसाइकिल से ग्राम आमदी की तरफ घूमने के लिए गया था जहां से दोनों युवक मोटरसाइकिल में सवार होकर वापस अपने घर बनबगौद लौट रहे थे। इसी दौरान ग्राम आमदी के पास स्थित कोयला भट्ठा मोड़ पर तेज रफ्तार मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर सड़क किनारे स्थित पेड़ से टकरा गई । इस घटना में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए।

सूचना पर वरदान संस्था के शिवा प्रधान एम्बुलेंस के साथ तत्काल घटनास्थल पहुंचे और दोनों को जिला अस्पताल पहुंचाया। डाक्टर ने चेकअप के बाद निकेश ठाकुर को मृत घोषित कर दिया। वहीं गंभीर रूप से घायल हरीश का प्राथमिक उपचार के बाद रिफर कर दिया गया। घायल युवक का रूद्री रोड के निजी अस्पताल में उपचार जारी है।चौकी पुलिस ने गुरुवार को शव का पंचनामा व पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है।

### पटवारी, जमीन दलाल तथा विक्रेताओं पर एफआईआर दर्ज करने की मांग

# शासकीय जमीन को बेचकर धोखाधड़ी करने की शिकायत

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

भखारा तहसील के ग्राम सिहाद में शासकीय जमीन को बेचे जाने का गंभीर मामला उजागर हुआ है। सरकारी जमीन को निजी जमीन बताकर बेचने के मामले में पीड़ित ने पटवारी, जमीन दलाल तथा पांच अन्य व्यक्तियों के खिलाफ कलेक्टर से शिकायत कर एफआईआर दर्ज करने की मांग की है।

रिसाईपारा निवासी धमतरी निवासी मो. राशिद पिता जकरिया मुसलमान ने बुधवार को कलेक्टोरेट पहुंचकर शिकायत की है कि ग्राम सिहाद तहसील भखारा खसरा नंबर 1137/1 रकबा 0.69 हेक्टयर जमीन को उपपंजीयक



कार्यालय धमतरी में 11 दिसंबर 2023 को रजिस्ट्री कराकर क्रय किया है। यह जमीन 4 भाई, 1 बहन तथा उसकी मां ने खरीदी है। जमीन दलाल तथा विक्रेताओं ने जो जमीन दिखाई थी वह चार खेत तथा ग्राम सिहाद से ग्राम कुर्रा जाने वाली सड़क थी।

रजिस्ट्री के दिन ही पटवारी ने नक्शा खसरा में डिजिटल हस्ताक्षर किया। शाम 4 बजे रजिस्ट्री उपपंजीयक कार्यालय में की गई। जिसके बाद नामांतरण के लिए जमीन दलाल को कार्य सौंप दिया। नामांतरण के लिए वह जमीन दलाल को अक्सर फोन करता रहा लेकिन बहाना बनाकर उसे धोखे में रखे रहा।

मो. राशिद ने शिकायत आवेदन में कहा है कि जब उसने तहसील कार्यालय भखारा में जाकर नामांतरण के बारे में जानकारी ली तब पता चला कि तत्कालीन तहसीलदार ने नामांतरण को शासकीय जमीन होने के कारण खारिज कर दिया है। पूछताछ में पता चला कि खसरा नंबर 1137 शासकीय धरसा भूमि है।

बंदोबस्त के दौरान जमीन त्रृटिवश मोतीलाल व हेमसिंग के नाम दर्ज हो गई है जिसकी सुनवाई तत्कालीन तहसीलदार ने 5 जनवरी 2024 को की है। शासकीय जमीन होने की जानकारी पूर्व से पटवारी को थी। इस प्रकरण में उसे पक्षकार बनाया गया था जिसकी जानकारी पटवारी, खरीददार तथा दलाल ने उसे नहीं दी। तहसील न्यायालय ने उक्त जमीन को शासकीय घास भूमि में दर्ज करने का फैसला कर प्रकरण को अपर कलेक्टर न्यायालय में प्रेषित कर दिया।

धोखाधड़ी के शिकार हुए मो.राशिद ने शासकीय भूमि की अवैध खरीदी बिक्री में संलिप्त पटवारी, जमीन दलाल, फर्जी जमीन विक्रेताओं के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर न्याय दिलाने की मांग करते हुए पटवारी को निलंबित करने की मांग की है। शासकीय जमीन को बेचने के मामले में कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने कहा है कि इस मामले में तहसीलदार से रिपोर्ट मांगी गई है। जांच में धोखाधड़ी पाए जाने पर एफआईआर दर्ज कराई जाएगी।

# मासूम बच्चियों से दरिंदगी, जनाक्रोश

- अंगारा के ग्रामीणों ने कलेक्टोरेट में प्रदर्शन कर दोषी को मृत्युदंड देने की मांग की

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

दो मासूम बच्चियों के साथ हुई हैवानियत से ग्राम अंगारावासियों में भारी आक्रोश है। गुरुवार को अंगारा के ग्रामीणों ने कलेक्टोरेट पहुंचकर जोरदार प्रदर्शन किया और आरोपी को फांसी देने की मांग की ।

मासूम बच्चियों के साथ हुई दरिंदगी से पूरा जिला शर्मसार है। इस भयावह घटना से गांव में जनआक्रोश है। ग्राम अंगारा, डाही के घर-घर से जिला कार्यालय पहुंचे ग्रामीणों ने पैदल मार्च कर जमकर प्रदर्शन किया। भीमसेन साहू, खुमान साहू, मानसिंग, नम्मूराम, महेत्तरू, कृष्णा सहित बड़ी संख्या में कलेक्टोरेट पहुंचे ग्रामीणों ने कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपकर कहा है कि ग्राम अंगारा में 30 मार्च को सुनसान का फायदा उठाकर गांव के एक नाबालिग लड़के ने दो मासूम बच्चियों के साथ दुष्कर्म किया है। यह शर्मनाक और निंदनीय कृत्य है। मासूमों के साथ दुष्कर्म करने वाले दोषी को मृत्युदंड दिलाने की मांग की है।

### डाही में अवैध शराब बिक्री की शिकायत

ग्रामीणों ने कलेक्टर के नाम सौंपे एक अन्य ज्ञापन में कहा है कि ग्राम डाही में अवैध शराब की बिक्री से ग्राम अंगारा के बच्चे भी इसकी लत में फंसते जा रहे हैं। बच्चे शराब के नशे में चोरी, डकैती, मारपीट जैसे अपराध की पुनर्रावृत्ति कर सकते हैं। ग्राम अंगारा के बच्चे डाही स्कूल पढ़ने जाते हैं जिसके साथ अनहोनी हो सकती है। ग्राम डाही में अवैध शराब की बिक्री पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने की मांग की है।

## खबर संक्षेप



### हनुमान जन्मोत्सव पर की गई पूजा-अर्चना

**महासमुंद।** ग्राम खरोरा में हनुमान जन्मोत्सव पर पूजा अर्चना की गई। जिसमें महाराज पीला शंकर, झमन चंद्राकर, मनीष जैन, संतोषी, दुर्गा चंद्राकर, जय चंद्राकर आदि मौजूद रहे। इस साल 2 अप्रैल को हनुमान जन्मोत्सव का पर्व मनाया गया, जो वानर राज केसरी और अंजना माता के पुत्र हनुमान के जन्म दिवस के रूप में प्रसिद्ध है। रामचरितमानस के सुंदरकांड में हनुमान की भक्ति, शक्ति और बुद्धिमत्ता का विस्तृत वर्णन है, जो चैत्र मास शुक्ल पक्ष पूर्णिमा के दिन हनुमान का जन्म हुआ था और हनुमानजी को कलयुग के जागृत देवता के रूप में देखा जाता है। जिसमें रामजी ने उन्हें कलयुग में लोगों के संकट हरने के लिए आज्ञा दी थी। हनुमान जन्मोत्सव पर्व पर प्रसाद वितरण किया गया।

### राज्यपाल रमेन डेका आज सरायपाली प्रवास पर


**महासमुंद।** महामहिम राज्यपाल रमेन डेका शुक्रवार 3 अप्रैल 2026 को सरायपाली प्रवास पर रहेंगे।



निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार वे सुबह 9 बजे राजभवन रायपुर से प्रस्थान करेंगे तथा दोपहर 12 बजे सर्किट हाउस सरायपाली में प्रशासनिक अधिकारियों की बैठक लेंगे। बैठक के पश्चात राज्यपाल डेका सर्किट हाउस सरायपाली से दोपहर 2.30 बजे सर्किट हाउस संबलपुर ओडिशा के लिए प्रस्थान करेंगे।

### चतुर्वेदी की जयंती पर काव्य गोष्ठी कल

**महासमुंद।** पं. माखन लाल चतुर्वेदी की जयंती पर काव्य गोष्ठी



''युद्ध और शांति'' का आयोजन 4 अप्रैल शनिवार सभा प्रांगण पुराना भवन वृंदावन विद्यालय में किया जा रहा है। काव्य गोष्ठी में मुख्य अतिथि प्रोफेसर डा. संजीव कर्मकार वशिष्ठ अध्यक्ष सर्वसमाज समन्वय सभा महासमुंद, प्रदेश सह-संयोजक भारतीय जनता पार्टी छग (शिक्षा प्रकोष्ठ), विशेष आमंत्रित अतिथि एस चंद्रसेन पूर्व उपसंचालक व शिक्षा संभाग रायपुर एवं अध्यक्षता वरिष्ठ साहित्यकार आनंद तिवारी पौराणिक करेंगे।

### पॉलिटेक्निक में हुई एक दिवसीय कार्यशाला

**महासमुंद।** बरोंडाबाज़ार स्थित शासकीय पॉलिटेक्निक में 2 अप्रैल को आर्डीनो और एंबेडेड सिस्टम विषय पर एक दिवसीय हैंड्स-ऑन कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में आर्डीनो प्रशिक्षण किट का उपयोग कर आर्डीनो प्रोग्रामिंग, बेसिक इलेक्ट्रॉनिक्स इंटरफेसिंग, सेंसर और सरल स्वचालन परियोजनाओं का व्यावहारिक ज्ञान प्रदान किया गया। संस्था की प्राचार्य चंद्रिका विश्वकर्मा ने कार्यशाला की उपयोगिता के बारे में बताते हुए कहा कि आर्डीनो नवाचार का एक शक्तिशाली मंच है। इसकी सरलता और व्यापक अनुप्रयोग इसे आज के समय में स्वचालन और स्मार्ट प्रौद्योगिकियों के उदय के साथ अत्यधिक प्रासंगिक और भविष्य में और भी महत्वपूर्ण बनाते हैं।

## प्रथम पृष्ठ का शेष

### चना बेचने उमड़ रहे किसान, खरीदी केंद्रों में बिगड़ी व्यवस्था

सुबह से शाम तक उन्हें इंतजार करना पड़ रहा है। यही नहीं मजदूरों की व्यवस्था नहीं होने के कारण किसानों को खुद मजदूर बनकर चना को बोरों में भरना पड़ रहा है। कुछ किसान तो अपने गांव से मजदूर लेकर पहुंचे थे। किसानों ने बताया कि धान खरीदी में इतनी परेशानी नहीं होती है, जितनी चना खरीदी में हो रही है। पिछले साल भी उन्हें इस प्रकार की समस्याओं से जूझना पड़ा था।

---

रखरखाव के अभाव में भवन खंडहर में तब्दील, चोरी की घटनाओं से बढ़ी चिंता

# सोंढूर बांध की कर्मचारी कॉलोनी जर्जर हालत में

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

नगरी विकासखंड के अंतिम छोर पर स्थित सोंढूर बांध क्षेत्र की कर्मचारी कॉलोनी इन दिनों बदहाल स्थिति का सामना कर रही है। वर्षों पूर्व अधिकारियों एवं कर्मचारियों के आवास हेतु निर्मित यह कॉलोनी अब धीरे-धीरे खंडहर में तब्दील होती जा रही है। रखरखाव के अभाव और सुरक्षा की कमी के चलते यहां लगातार चोरी की घटना सामने आ रही है।





जानकारी के अनुसार सोंढूर बांध का निर्माण वर्ष 1977-78 के दौरान तत्कालीन मध्यप्रदेश शासन के कार्यकाल में हुआ था। इस बांध के माध्यम से नगरी क्षेत्र के गांवों में जल आपूर्ति एवं किसानों को सिंचाई के लिए पानी उपलब्ध कराया जाता है। बांध निर्माण के साथ ही यहां अधिकारियों और कर्मचारियों के रहने के लिए लगभग 60 से 70 आवासीय भवन भी बनाए गए थे।

समय के साथ अधिकांश कर्मचारी सेवानिवृत्त होकर अपने गृह स्थान लौट गए, जिससे कई आवास खाली हो गए। वर्तमान में कई भवन उपयोग में नहीं हैं, जिनमें से कुछ पूरी तरह जर्जर हो चुके हैं। स्थानीय सूत्रों के अनुसार कई मकानों की स्थिति अत्यंत खराब हो गई है तथा कुछ भवनों को निष्प्रयोज्य मानते हुए उनके डिस्मेंटल हेतु प्रस्ताव भी विभाग द्वारा भेजे जाने की जानकारी सामने आई है।

लोगों ने बताया कि खाली पड़े भवनों में रखरखाव के अभाव के कारण दरवाजे, खिड़कियां, छत की चादरें एवं अन्य सामग्री धीरे-धीरे गायब होती जा रही हैं। साथ ही बारिश के मौसम में दीवारों के गिरने और भवनों के क्षतिग्रस्त होने की घटनाएं भी सामने आई हैं।

कुछ स्थानीय लोगों ने यह भी बताया कि कॉलोनी की देखरेख के लिए प्रभारी नियुक्त होने के बावजूद नियमित निगरानी का अभाव महसूस किया जा रहा है। वहीं क्षेत्रवासियों का मानना है कि यदि उच्च अधिकारी समय-समय पर निरीक्षण करें तो समस्याओं के समाधान में तेजी आ सकती है।

इस संबंध में प्रभारी नियुक्त कर्मचारी ने बताया कि सुरक्षा एवं चोरी की आशंका को लेकर संबंधित थाने में सूचना दी जा चुकी है तथा समय-समय पर निगरानी भी की जा रही है।

लोगों ने सोंढूर बांध की कॉलोनी की उचित देखरेख और सुरक्षा की मांग की है, ताकि शासकीय संपत्ति को नुकसान से बचाया जा सके और भविष्य में इसके समुचित उपयोग की दिशा में कदम उठाए जा सकें।

# फरसियां में हनुमान जन्मोत्सव मनाया गया



हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

ग्राम फरसियां में हनुमान जन्मोत्सव का पर्व श्रद्धा, उत्साह और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर ग्रामवासियों ने भगवान हनुमान की विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर क्षेत्र में सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की। कार्यक्रम के दौरान मंदिर परिसर में भक्ति का वातावरण बना रहा। श्रद्धालुओं ने भगवान हनुमान के दर्शन किए और पूजा-अर्चना में भाग लिया। ग्रामवासियों के सहयोग से खीर-पूड़ी की प्रसादी तैयार कर श्रद्धालुओं के बीच वितरित की गई। कार्यक्रम में सुभाष कश्यप अध्यक्ष ग्राम समिति, भारत साहू अध्यक्षउत्सव समिति, पन्ना सिन्हा अध्यक्ष देव समिति, कृष्ण कुमार साहू, जैन सिंह, मरकाम, कन्हैया कश्यप, राजेश्वर कोराम, सरपंच केशव टेकाम, उपसरपंच त्रिलोक साहू, अरुण प्रजापति, यशवंत कश्यप, कमलेश ध्रुव, युवराज निषाद, राकेश कश्यप सहित ग्राम के अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

# महिलाओं को मिलेगा स्वरोजगार का मंच

- चटौद में आजीविका सेवा केन्द्र का हुआ शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद

जनपद पंचायत क्षेत्र के ग्राम चटौद में बुधवार को राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन अंतर्गत आजीविका सेवा केन्द्र का शुभारंभ किया गया। इसे केन्द्र नोडल विकास महिला क्लस्टर निर्मल महिला कलस्टर संगठन जीजामगांव द्वारा संचालित किया जाएगा, जिससे क्षेत्र की महिलाओं को रोजगार और प्रशिक्षण के बेहतर अवसर मिलेंगे।



कार्यक्रम की मुख्य अतिथि जनपद पंचायत कुरूद की अध्यक्ष श्रीमती गीतेश्वरी साहू रहीं। उन्होंने फीता काटकर केन्द्र का उद्‌घाटन किया। अपने उद्बोधन में उन्होंने कहा कि आजीविका सेवा केन्द्र महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत महिलाओं को स्वरोजगार से जोड़ने, प्रशिक्षण देने और आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने का कार्य किया जा रहा है। इससे महिलाएं न केवल अपनी आय बढ़ा सकेंगी, बल्कि परिवार और समाज के विकास में भी अहम भूमिका निभाएंगी। उन्होंने महिलाओं से आह्वान किया कि वे इस केन्द्र से जुड़कर उपलब्ध योजनाओं और प्रशिक्षण का अधिक से अधिक लाभ उठाएं।

निर्मल महिला कलस्टर संगठन के पदाधिकारियों ने बताया कि केन्द्र के माध्यम से महिलाओं को विभिन्न आजीविका गतिविधियों, कौशल प्रशिक्षण और वित्तीय मार्गदर्शन उपलब्ध कराया जाएगा। कार्यक्रम में स्वसहायता समूह की महिलाओं सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

# अरसीकन्हार में बजरंगबली की 50 वर्ष पुरानी प्रतिमा की हुई पूजा-अर्चना


हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

ग्राम अरसीकन्हार स्थित सामुदायिक भवन में विराजमान लगभग 50 वर्ष पुरानी बजरंग बली भगवान की प्रतिमा की विधि-विधान एवं श्रद्धा भाव के साथ विशेष पूजा-अर्चना की गई। इस अवसर पर पूरे गांव में भक्तिमय वातावरण बना रहा । पूजा-अर्चना के उपरांत श्रद्धालुओं को प्रसाद स्वरूप खीर-पूड़ी का वितरण किया गया, जिसे सभी ने श्रद्धा भाव से ग्रहण किया। वहीं शाम को रामायण पाठ का आयोजन किया गया, जिसमें भक्तों ने भक्ति रस में सराबोर होकर प्रभु श्रीराम के चरित्र का श्रवण किया।



कार्यक्रम में उपसरपंच परमात्मा मेघनाथ नाग, देवराज ओटी, मुकेश कुंजाम, हरक मरकाम, नकुल कुंजाम, किशुन नाग, रेवश मरकाम, नदलाल नेताम, सोमनाथ नेताम, उपासीन बाई मरकाम, चम्पा बाई, बालिका बाई मरकाम, कमितला नेताम, संगीता बाई सहित अनेक गणमान्य ग्रामीण उपस्थित थे। इस आयोजन ने गांव में धार्मिक आस्था और सामाजिक एकता का सुंदर संदेश दिया।

# भठेली में हनुमान जी की आराधना की गई





**अंवरी।** इस वर्ष भी ग्राम भठेली के प्राचीन हनुमान मंदिर धूमधाम से हनुमान जयंती मनाई गई। मौके पर घनश्याम पुरी, सीताराम, युगेश कुमार, दीपांशु, मोंटू, शिवंश साहू, इंद्रजीत ध्रुव, भगेला निर्मलकर समेत बड़ी संख्या में ग्रामवासी मौजूद थे।

# कथा श्रवण से व्यक्ति में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है : पं. नारायण

- कोड़ापार में श्रीमद् भागवत कथा का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

ग्राम कोड़ापार स्थित श्री नरबदेश्वर धाम में दामोदर वैष्णव एवं उनकी पत्नी श्रीमती कौशल्या वैष्णव द्वारा श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताह का आयोजन किया गया। इस धार्मिक आयोजन ने पूरे क्षेत्र को भक्ति रस में डुबो दिया, जहां बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल होकर कथा श्रवण का लाभ उठाए।





कार्यक्रम में पूर्व विधायक कुरूद एवं राष्ट्रीय समन्वयक पिछड़ा वर्ग नई दिल्ली लेखराम साहू सहित प्रभुदयाल साहू उपस्थित रहे। शहर एवं ग्रामीण अंचल से पहुंचे भक्तजनों ने श्रद्धा और आस्था के साथ कथा का रसपान किया।

कथावाचक श्री राधे निकुंज आश्रम जांजगीर-चरोदा भिलाई से पहुंचे पंडित नारायण महाराज ने श्रीमद् भागवत महापुराण की महिमा का वर्णन करते हुए कहा कि यह केवल धार्मिक ग्रंथ नहीं, बल्कि मानव जीवन को सत्य, धर्म, करुणा और भक्ति के मार्ग पर ले जाने वाला दिव्य ज्ञान है। कथा श्रवण से व्यक्ति के भीतर सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है और समाज में नैतिक मूल्यों की स्थापना होती है।

कथा उपरांत अपने उद्बोधन में लेखराम साहू ने कहा कि ऐसे धार्मिक आयोजन समाज में एकता, सद्भाव और आध्यात्मिक चेतना को मजबूत करते हैं।

# वर्दी पहनकर लौटे शेषनारायण के स्वागत में उमड़े ग्रामीण

- गांव के प्रवेश द्वार से बाजे-गाजे के साथ स्वागत रैली निकाली गई

हरिभूमि न्यूज ⏭मगरलोड

अंचल के ग्राम मोहंदी में माहौल उस वक्त खुशनुमा हो गया, जब शेषनारायण दीवान एसआई बनने के बाद पहली बार वर्दी पहनकर गांव लौटे। उनके स्वागत में पूरा गांव उमड़ पड़ा। शेषनारायण दीवान का चयन एसआई पद के लिए हुआ है और चंदखुरी पुलिस अकादमी में ट्रेनिंग ले रहे थे। उनके आगमन पर ग्रामीण दानवीर सिन्हा के नेतृत्व में ग्रामीणों ने गांव के प्रवेश द्वार से बाजे- गाजे के साथ स्वागत रैली निकालकर गांव का भ्रमण कराया। यह पहला मौका था जब गांव का कोई रहवासी सीधे अधिकारी बना हो।



सबसे पहले शेषनारायण दीवान ने गांव की माटी के प्रणाम किया और फिर माता-पिता और परिजनों के चरण छूकर आशीर्वाद लिया। गांव में फूलमालाओं से स्वागत हुआ।

किसान परिवार से आने वाले नवनियुक्त एसआई शेषनारायण दीवान ने बताया कि यह उनके लिए खुशी की बात है। उनके दिवंगत दादाजी सपना था कि वह पुलिस अधिकारी बने और इसके लिए वह दिन-रात मेहनत की। उनका कहना था कि अगर दादाजी रहते तो यह खुशी दोगुनी होती। बता दें कि शेषनारायण ने पं रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय से फिजिक्स में एमएससी की पढ़ाई की है। सबसे खास बात यह है कि एसआई भर्ती के लिए उन्होंने कोचिंग नहीं ली, बल्कि स्वाध्याय से ही इसकी तैयारी की और यह सफलता प्राप्त की।

# कोर्रा में किसानों को उड़द बीज का वितरण

हरिभूमि न्यूज ⏭कोर्रा(भखारा)

ग्राम पंचायत कोर्रा में गुरुवार को आत्मनिर्भर दलहन मिशन योजना के अंतर्गत ग्रीष्मकालीन उड़द बीज वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम पूर्व सरपंच चोवाराम साहू के मुख्य आतिथ्य में हुआ। इस दौरान क्षेत्र के किसानों को उन्नत किस्म के उड़द बीज वितरित कर उत्पादन बढ़ाने के लिए प्रेरित किया गया।



कार्यक्रम में किसान हिरामन ध्रुव, लोकनाथ ध्रुव, मन्नूलाल साहू, पुरेंद्र साहू सहित किसान मित्र हेमलाल दिवाकर एवं ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी केशेंद्र कुमार सोन (आरएईओ) उपस्थित थे। अधिकारियों ने बताया कि योजना के तहत इर्रा, कोर्रा, रामपुर और पचपेड़ी गांवों के लिए कुल 40 हेक्टेयर रकबा लक्ष्य निर्धारित किया गया है, जिससे क्षेत्र में दलहन उत्पादन को बढ़ावा मिलेगा। इस अवसर पर कौशल साहू, केशव साहू, डॉ. अरुण साहू, युवराज साहू, कोमल साहू, ईश्वर साहू, जीतू साहू, मनहरण नेताम, मोहन सेन और गिरधर साहू सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

नवा तरिया आय के जरिया अभियान से आत्मनिर्भर बनाने की कवायद

# तालाब मॉडल से महिलाओं की आय बढ़ाने की पहल

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा राज्य शासन की महत्वाकांक्षी योजना मोर गांव, मोर पानी अंतर्गत जल संरक्षण, भूजल पुनर्भरण और ग्रामीण महिलाओं की आय वृद्धि को ध्यान में रखते हुए नवा तरिया आय के जरिया अभियान की कार्ययोजना तैयार की जा रही है। इसी क्रम में जनपद पंचायत कुरुद के ग्राम पंचायत सिंधौरीकला में क्लस्टर लेवल फेडरेशन (सीएलएफ) की महिलाओं, पंचायत प्रतिनिधियों और तकनीकी अमले की उपस्थिति में बैठक आयोजित की गई।





बैठक में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) और राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के समन्वय से जल संरक्षण के साथ महिलाओं के लिए स्थायी आजीविका के अवसर विकसित करने पर चर्चा हुई। तकनीकी सहायक द्वारा क्लार्ट ऐप और जलदूत ऐप के उपयोग की जानकारी देते हुए संभावित स्थलों का सर्वे किया गया। इस दौरान गांव के गौठान और मुक्तिधाम के पास दो नए तालाब निर्माण स्थलों का चयन किया गया।

सीएलएफ से जुड़ी महिलाओं ने बताया कि तालाबों का सही विकास होने पर मछली पालन, सब्जी उत्पादन, पशुपालन और हरित क्षेत्र विकसित कर आय बढ़ाई जा सकती है। अभियान के तहत तालाबों को आजीविका आधारित मॉडल के रूप में विकसित किया जाएगा, जिसमें पौधारोपण, बतख पालन और अन्य गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा।

जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी गजेन्द्र सिंह ठाकुर ने कहा कि यह अभियान जल संरक्षण के साथ महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने बताया कि जिले में कुल 46 एकड़ भूमि पर स्थायी जल संरचनाएं विकसित की जाएंगी, जिससे महिलाओं को अतिरिक्त आय के अवसर मिलेंगे।

# हनुमानजी को हलवा पूड़ी का भोग लगाया



हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

ग्राम केरेगांव के बस स्टैण्ड स्थित दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर में इस वर्ष भी हनुमान जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। सबसे पहले भगवान का श्रृंगार व हवन पूजन महाराज संस्कार शर्मा द्वारा करवाया गया। उसके पश्चात भगवान को हलवा, पूड़ी का भोग लगाकर प्रसाद का वितरण किया गया। मौके पर इन्द्र वाधवानी, राजकुमार हरखानी, गौतम वाधवानी, अभिषेक गोयल, मनीष रांझनी, हर्ष वाधवानी, तनिष्क वाधवानी, पूजा वाधवानी, समां वाधवानी, पोखरण बांधे, ललित निर्मलकर, विनोद धुर्व, रमेश नेताम, दिनेश साहू, प्रियंका वाधवानी, कोमल वाधवानी, बंटी सोनी उपस्थित थे।

## अंचल की खबरें

### बुजुर्ग महिला को मिली व्हीलचेयर




**धमतरी।** जिलाधीश की अनुशंसा पर समाज कल्याण विभाग की उपसंचालक डॉ. मनीषा पाण्डे ने नवागांव कंडेल निवासी श्रीमती अनुसुइया बाई साहू उम्र 81 वर्ष को व्हीलचेयर प्रदान करवाई। इस अवसर पर जनपद सदस्य दिनेश्वरी साहू, रोशनसाहू, लखनलाल, संतोषी विश्नोई तथा दवारिका साहू उपस्थित थे। ज्ञात हो कि उस बुजुर्ग महिला के आवश्यक कागजात तैयार करवाने एवं समाज कल्याण विभाग के संज्ञान में लाने के लिए बसंत कुमार विश्नोई एवं घनश्याम सिंह साहू ने पहल की।

### स्व. महावर को श्रद्धांजलि देने पहुंचे कांग्रेस नेता



**धमतरी।** नया जैन स्थानक भवन औद्योगिक वार्ड में कांग्रेस नेता स्व. पंकज महावर का श्रद्धांजलि कार्यक्रम रखा गया था। श्रद्धांजलि कार्यक्रम में मोहन मरकाम पूर्व पीसीसी अध्यक्ष, लेखराम साहू पूर्व विधायक कुरूद, श्रीमती तारिणी चंद्राकर जिला अध्यक्ष कांग्रेस , शरद लोहाना पूर्व जिला अध्यक्ष कांग्रेस, मुकेश चंद्राकर, भारत नहर पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष भखारा शामिल हुए और मृत आत्मा की शांति के लिए भगवान से प्रार्थना की।

### 14 अप्रैल को परिक्षेत्रीय स्तर पर मनेगी सेन जयंती



**धमतरी।** सर्व सेन समाज जिला धमतरी की कार्यकारिणी बैठक हुई जिसमें संत शिरोमणि नंदा सेनजी महाराज की जयंती मनाने चर्चा की गई। सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि 14 अप्रैल को संत शिरोमणि सेनजी महाराज की जयंती तहसील एवं परिक्षेत्रीय स्तर पर मनाई जायेगी। बैठक में संभाग अध्यक्ष खिलावन श्रीवास, संरक्षक मोहित सेन, जिलाध्यक्ष धनसिंह सेन, सचिव भगवानी राम शांडिल्य, सहसचिव व प्रदेश प्रतिनिधि रामगोपाल सेन, प्रवक्ता खेमलाल कौशिक, प्रचार सचिव ईश्वर सेन, सलाहकार दौलतराम सेन, कोर्रा परिक्षेत्र अध्यक्ष चंद्रहास सेन, सचिव उदय राम सेन, कुरूद परिक्षेत्र अध्यक्ष भूखन सेन, धमतरी अध्यक्ष आनंद शांडिल्य, मरौद परिक्षेत्र अध्यक्ष लक्ष्मीनारायण सेन, कुकरेल परिक्षेत्र अध्यक्ष ईश्वर सेन, मीडिया प्रभारी रूपेंद्र भारद्वाज, टिकेंद्र सेन समेत अन्य मौजूद थे।

### इतवारी बाजार मां शाकम्भरी हाट बाजार के नाम से जाना जायेगा



**धमतरी।** कोसरिया मरार पटेल समाज धमतरी राज ने मंगलवार को नगर निगम कार्यालय पहुंचकर महापौर रामू रोहरा का सम्मान करते हुए आभार व्यक्त किया। हाल ही में आयोजित सामान्य सभा की बैठक में धमतरी विकास से जुड़े कई महत्वपूर्ण प्रस्ताव पारित किए गए, जिनमें इतवारी बाजार का नाम मां शाकम्भरी हाट बाजार रखने का निर्णय प्रमुख रहा। इस निर्णय से समाज में खुशी की लहर है, क्योंकि यह मांग लंबे समय से की जा रही थी। समाज के संरक्षक बिशेषर पटेल, राज अध्यक्ष सगुन पटेल, नगर अध्यक्ष भूषण पटेल, पूर्व अध्यक्ष नील पटेल, मदन पटेल, प्रहलाद पटेल, गजेंद्र पटेल, चन्द्रकला पटेल सहित अन्य पदाधिकारियों और समाजजनों ने महापौर से मुलाकात कर उनके प्रयासों की सराहना की। मीडिया प्रभारी दिलीप पटेल ने बताया कि इस नामकरण से समाज की आस्था और पहचान को सम्मान मिला है।

### काली मंदिर सोरिद नगर में गायत्री महायज्ञ 4 अप्रैल से



**धमतरी।** गायत्री परिवार नगर की सोरिद इकाई अंतर्गत काली मंदिर के पीछे सामुदायिक भवन के पास 4से 7 अप्रेल तक पांच कुण्डीय गायत्री महायज्ञ, प्रज्ञा पुराण एवं संस्कार महोत्सव का आयोजन किया गया है। प्रथम चरण का कार्य भूमिपूजन पुरोहित पुरुषोत्तम निर्मलकर द्वारा संपन्न कराया गया। 4 अप्रैल को कलश यात्रा, प्रज्ञा पुराण, 5 से 7 अप्रैल प्रतिदिन यज्ञ, विभिन्न संस्कार, प्रज्ञा पुराण का कार्यक्रम रखा गया है। भूमिपूजन कार्यक्रम में आयोजन समिति के डा रामचंद्र मेश्राम, लालाराम मगेन्द, चेतन साहू, श्रीमती रीता बाण्डे, अलका तारम, हेमसिंग कंवर, चन्द्रहास बाण्डे, देवनारायण जैन, मंजू जैन, यशोदा सार्वा, प्रदीप देवांगन, पूर्व पार्षद श्री कंवर, मकसूदन मेश्राम उपस्थित थे।

### जलभराव की समस्या से निपटने नगर निगम ने ठोस पहल की

# 43 स्थानों पर बनेंगे वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम 24 जगह निर्माण पूरा, 19 पर तेजी से काम

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

शहर में हर साल बारिश के दौरान होने वाली जलभराव की समस्या से निजात दिलाने के लिए नगर निगम ने इस बार ठोस पहल शुरू की है। जलभराव वाले इलाकों को चिन्हित कर वहां बड़े पैमाने पर वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम विकसित किए जा रहे हैं, जिससे न केवल पानी जमा होने की समस्या कम होगी, बल्कि भूजल स्तर को बनाए रखने में भी मदद मिलेगी।

महापौर रामू रोहरा ने बताया कि निगम द्वारा कुल 43 स्थानों पर वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम स्थापित करने की योजना बनाई गई है, जिसमें से 24 स्थानों पर निर्माण कार्य पूरा हो चुका है। शेष 19 स्थानों पर कार्य तेजी से जारी है और लक्ष्य रखा गया है कि बारिश से पहले सभी स्थानों पर सिस्टम तैयार कर लिया जाए।



जानकारी के अनुसार आमापारा रोड, बनियापारा, साल्हेवारपारा समेत शहर के कई वार्ड ऐसे हैं, जहां हर वर्ष बारिश के दौरान पानी भरने से लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। इन क्षेत्रों में जल निकासी के साथ-साथ वर्षा जल संचयन की व्यवस्था को मजबूत करने के लिए यह पहल की जा रही है। प्रत्येक वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम के निर्माण पर करीब एक लाख रुपए खर्च किए जा रहे हैं और कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग भी की जा रही है।

गौरतलब है कि करीब एक दशक पहले भी शहर के कुछ इलाकों में वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगाए गए थे, लेकिन देखरेख के अभाव में वे निष्क्रिय हो गए। इस बार निगम ने उन कमियों से सीख लेते हुए बेहतर निगरानी और संचालन पर जोर दिया है।

वहीं 1500 वर्ग फीट या उससे अधिक क्षेत्र में मकान निर्माण करने वालों के लिए वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम बनवाना अनिवार्य किया गया है। इसके बावजूद कई लोग नियमों का पालन नहीं कर रहे हैं, जिस पर निगम की सख्ती की जरूरत महसूस की जा रही है। समस्या से निजात दिलाने के लिए नगर निगम ने इस बार ठोस पहल शुरू की है। जलभराव वाले इलाकों को चिन्हित कर वहां बड़े पैमाने पर वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम विकसित किए जा रहे हैं, जिससे न केवल पानी जमा होने की समस्या कम होगी, बल्कि भूजल स्तर को बनाए रखने में भी मदद मिलेगी।

# जर्जर सेमर का पेड़ कटा, बड़ा हादसा टला



हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

रिसाईपारा पश्चिम स्थित आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 27 में वर्षों से खड़े जर्जर और खतरनाक सेमर के पेड़ को आखिरकार प्रशासन ने कटवा दिया। वार्डवासियों की लगातार शिकायतों और अल्टीमेटम के बाद जिला प्रशासन के निर्देश पर वन विभाग ने कार्रवाई करते हुए पेड़ की कटाई कर दी, जिससे एक संभावित बड़ा हादसा टल गया।

बताया गया कि यह विशालकाय पेड़ पूरी तरह खोखला हो चुका था और उसकी जड़ें आंगनबाड़ी भवन की दीवारों तक फैल गई थीं। वहीं इसकी टहनियां बिजली तारों से सटी हुई थीं, जिससे कभी भी दुर्घटना हो सकती थी। आंगनबाड़ी में पढ़ने वाले छोटे बच्चों, शिक्षकों और आसपास के लोगों के लिए यह पेड़ गंभीर खतरा बना हुआ था।

वार्डवासियों गुरजोत सिंह, महेश्वरी, गोपाल महार, टोपो, एस. बेथु, अनीता मिनी, सविता, भारती नेताम, दीपाली नेवारे और मोनिका सहित अन्य लोगों ने एक सप्ताह पहले जिला कार्यालय पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई थी। उन्होंने चेतावनी दी थी कि समय पर कार्रवाई नहीं होने पर आंगनबाड़ी केंद्र में तालाबंदी की जाएगी। प्रशासन की त्वरित कार्रवाई के बाद अब वार्डवासियों, आंगनबाड़ी स्टाफ और बच्चों ने राहत की सांस ली है। क्षेत्र में लंबे समय से बनी चिंता अब खत्म हो गई है।

# 7 लाख की लागत से राजाबाड़ा परिसर का होगा डामरीकरण एवं सौंदर्यीकरण

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

नगर पंचायत नगरी के वार्ड क्रमांक 11 स्थित राजा बाड़ा परिसर में बहुप्रतीक्षित डामरीकरण एवं सौंदर्यीकरण कार्य का भूमिपूजन हुआ। यह परिसर नगर का एक प्रमुख एवं प्राचीन स्थल है, जहां वर्षों से सांस्कृतिक, धार्मिक, सामाजिक एवं राजनीतिक कार्यक्रमों का आयोजन होता आ रहा है। लंबे समय से जर्जर स्थिति में होने के कारण इस स्थान के विकास की मांग लगातार उठ रही थी, जिसे अब जनप्रतिनिधियों के प्रयासों से साकार किया जा रहा है।

वार्ड पार्षद अश्वनी निषाद की अनुशंसा पर नगर पंचायत अध्यक्ष बलजीत छबड़ा एवं उपाध्यक्ष विकास बोहरा के विशेष प्रया से लगभग 7 लाख रुपये की लागत से इस परिसर का डामरीकरण एवं सौंदर्यीकरण कार्य प्रारंभ किया जा रहा है। इस कार्य के पूर्ण होने के बाद राजा बाड़ा परिसर और अधिक



सुव्यवस्थित, आकर्षक एवं सुविधायुक्त बनेगा, जिससे नगरवासियों को विभिन्न आयोजनों में बेहतर सुविधाएं मिल सकेंगी। नगर पंचायत अध्यक्ष बलजीत छाबड़ा ने बताया कि आगामी दिनों में इस स्थान पर भव्य डोम का प्राक्कलन तैयार किया जा रहा है। जिला प्रभारी मंत्री टंकराम वर्मा, विधायक अंबिका मरकाम, भाजपा जिला अध्यक्ष प्रकाश बैस एवं पार्षदों की पार्षद निधि से यहां पर एक भव्य एवं सर्व सुविधा युक्त डोम का निर्माण की तैयारी नगर पंचायत नगरी कर रही है ।

इसी क्रम में वार्ड क्रमांक 14 अंतर्गत लाला पुजारी घर से दरियारा तालाब तक बीटी सड़क निर्माण कार्य का भी भूमिपूजन किया गया। वार्ड पार्षद शंकरदेव ने चुनाव के समय जो जनता से वादा किया था, उसे पूरा करते हुए सड़क की सौगात वार्डवासियों को दी जा रही है। लगभग 14 लाख रुपये की लागत से यह सड़क बनेगी। यह मार्ग बाईपास सिहावा रोड से जुड़कर आवागमन को सुगम बनाएगा और नगर के विकास को नई दिशा देगा। मौके पर विकास बोहरा, कमल डागा ,सुरेश साहू, दीनदयाल यादव, हेमू सेन, अश्वनी निषाद, शंकर देव, हरीश साहू, देव चरण ध्रुव, नरेश पटेल समेत नगर के गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

# बदलते मौसम से आम की फसल पर संकट, बौर और छोटे फल झड़ने लगे

- तेज हवा, नमी और बूंदाबांदी से उत्पादन पर असर, किसानों और आम प्रेमियों की बढ़ी चिंता

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

अंचल में इस वर्ष आम की फसल पर मौसम की मार साफ दिखाई देने लगी है। फरवरी माह तक आम के पेड़ बौर से लदे हुए थे और बंपर उत्पादन की उम्मीद जताई जा रही थी, लेकिन मार्च के अंत तक बदलते मौसम ने पूरी स्थिति बदल दी है। तेज हवा, बादल, हल्की बारिश और बढ़ती नमी के कारण आम के बौर तेजी से झड़ने लगे हैं, वहीं कई जगह छोटे-छोटे फल भी समय से पहले गिर रहे हैं।

अंचल के किसान घनाराम गौर, रोमेश साहू, नारद साहू, चंद्रहास साहू, महेश नेताम और डोमार सिंह ने बताया कि आम की अच्छी पैदावार के लिए संतुलित तापमान और स्थिर मौसम जरूरी होता है। इस



बार मौसम में लगातार उतार-चढ़ाव और अधिक नमी के कारण फूलों का विकास प्रभावित हुआ है, जिससे बौर सूखकर गिर रहे हैं और छोटे फल भी टिक नहीं पा रहे हैं।

उद्यान नर्सरी सेमरा के अधिकारी चंद्रप्रकाश साहू ने जानकारी दी कि इस बार शुरुआत में फसल के संकेत काफी अच्छे थे और किसानों को बेहतर उत्पादन की उम्मीद थी। आमतौर पर अप्रैल के दूसरे पखवाड़े तक बाजार में आम आ जाता है, लेकिन वर्तमान परिस्थितियों को देखते हुए इस बार देरी की संभावना है। उन्होंने कहा कि आगे की पैदावार पूरी तरह मौसम पर निर्भर करेगी।

गौरतलब है कि पिछले वर्ष भी खराब मौसम के कारण आम की पैदावार प्रभावित हुई थी, जिससे बाजार में कीमतें बढ़ गई थीं। यदि यही स्थिति बनी रही तो इस वर्ष भी आम की उपलब्धता कम हो सकती है और कीमतों में बढ़ोतरी देखने को मिल सकती है।

# कुरूद में जमीन रजिस्ट्री से बढ़ा राजस्व, लक्ष्य से अधिक उपलब्धि



- इस वर्ष कुल 4,525 दस्तावेज पंजीबद्ध, 22 करोड़ 10 लाख रुपये का राजस्व प्राप्त

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद

वित्तीय वर्ष 2025-26 में उप पंजीयक कार्यालय कुरूद ने जमीन एवं संपत्तियों की खरीदी-बिक्री के मामले में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज करते हुए राजस्व संग्रह में नया कीर्तिमान स्थापित किया है। उपपंजीयक कफील अहमद खान के अनुसार इस वर्ष कुल 4,525 दस्तावेज पंजीबद्ध किए गए, जिनसे 22 करोड़ 10 लाख रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ। यह आंकड़ा पिछले वित्तीय वर्ष 2024-25 के मुकाबले काफी अधिक है, जिसमें 4,376 दस्तावेजों से 16 करोड़ 30 लाख रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ था।

अधिकारियों के मुताबिक इस वर्ष शासन द्वारा लागू जनहितैषी नीतियों जैसे हकत्याग, पट्टा एवं दानपत्र निष्पादन में दी गई छूट का आम जनता और किसानों ने व्यापक लाभ उठाया। इसके चलते पंजीयन कार्यों में तेजी आई और लक्ष्य से अधिक उपलब्धि हासिल हुई। वहीं, उप पंजीयक कार्यालय का नवीन भवन में संचालन भी इस वृद्धि का एक प्रमुख कारण माना जा रहा है। नए भवन में बेहतर बैठने की व्यवस्था, पार्किंग और अन्य सुविधाओं से आम लोगों के लिए रजिस्ट्री प्रक्रिया सरल और सुगम हो गई है। इसके अलावा धान के बढ़ते समर्थन मूल्य के कारण किसानों की आय में वृद्धि हुई है, जिससे उन्होंने जमीन और संपत्तियों के क्रय-विक्रय में अधिक रुचि दिखाई। यही वजह है कि इस वर्ष न केवल दस्तावेजों की संख्या बढ़ी, बल्कि राजस्व में भी उल्लेखनीय इजाफा दर्ज किया गया।

# स्वच्छता सर्वेक्षण में नंबर वन बनने की तैयारी



- बैठक के बाद निगम की सख्त रणनीति और फील्ड में उतरे कर्मचारी

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

आगामी स्वच्छता सर्वेक्षण को लेकर नगर निगम ने अपनी तैयारियां तेज कर दी हैं। इसी कड़ी में निगम के उपायुक्त एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने एआरआई, स्वच्छता सुपरवाइजर और स्वच्छता दीदियों की महत्वपूर्ण बैठक लेकर शहर को स्वच्छता रैंकिंग में बेहतर स्थान दिलाने के लिए ठोस रणनीति तय की।

उपायुक्त पीसी सार्वा ने स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि स्वच्छता सर्वेक्षण केवल प्रतिस्पर्धा नहीं, बल्कि शहर की पहचान और नागरिकों के स्वास्थ्य से जुड़ा अभियान है। उन्होंने घर-घर कचरा संग्रहण को शत-प्रतिशत सुनिश्चित करने, गीले और सूखे कचरे के पृथक्करण को सख्ती से लागू करने तथा सार्वजनिक स्थलों की नियमित सफाई पर विशेष जोर दिया। साथ ही डंपिंग स्थलों के सुव्यवस्थित प्रबंधन और स्वच्छ वातावरण बनाए रखने के निर्देश दिए। प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी कमलेश ठाकुर और शशांक मिश्रा ने स्वच्छता अमले को जागरूकता अभियान तेज करने के निर्देश दिए। उन्होंने नागरिकों से अपील करने को कहा कि कचरा इधर-उधर न फेंकें, कचरा वाहन में ही दें और प्लास्टिक के उपयोग को कम करें।

बाजार क्षेत्रों, मुख्य सड़कों और वार्डों में नियमित निगरानी रखने के भी निर्देश दिए गए। बैठक में फॉगिंग, नालियों की समय पर सफाई, सार्वजनिक शौचालयों की स्वच्छता और डोर-टू-डोर कलेक्शन की गुणवत्ता सुधारने पर विशेष जोर दिया गया। अधिकारियों ने सभी कर्मचारियों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने और नियमित रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।

# धूमधाम से मनाया गया हनुमान प्राकट्य उत्सव





- भक्ति में सराबोर रहा नगर, मंदिरों में पूजा-अर्चना के साथ भजन-कीर्तन

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद

नगर एवं ग्रामीण क्षेत्र में गुरुवार को रामभक्त हनुमान जी का प्राकट्य उत्सव श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। पूरे दिन मंदिरों में पूजा-अर्चना, भजन-कीर्तन और धार्मिक अनुष्ठानों की गूंज रही। कुर्मीपारा, पुरानाबाजार, पचरीपारा, बस स्टैंड और विद्युत केन्द्र स्थित बजरंग मंदिरों में विशेष पूजा के साथ हनुमान चालीसा एवं सुंदरकांड का सामूहिक पाठ किया गया। सुबह कुर्मीपारा के मंदिर में विधि-विधान से पूजा-अर्चना हुई, वहीं पुराना बाजार स्थित दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर में महाआरती का आयोजन किया गया। अन्य स्थानों पर भी श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी और भक्तिमय वातावरण बना रहा। हनुमान सेवा समिति के सदस्यों ने बताया कि हर वर्ष की तरह इस बार भी कारगिल चौक में प्रसादी वितरण किया जाएगा।

बस स्टैंड स्थित भोजनालय संचालकों द्वारा भंडारे का आयोजन किया गया है, जबकि विद्युत सब सटेशन मंदिर में भजन संध्या का आयोजन किया गया। ग्राम पंचायत चर्रा में भी प्राकट्य उत्सव पर आयोजन किया गया। यहां पूजा-अर्चना, महायज्ञ, भंडारा एवं शाम को झांकियों के साथ विशाल शोभायात्रा निकाली जाएगी। गांधी चौक में सिन्हा परिवार द्वारा प्राण प्रतिष्ठा सहित विविध धार्मिक कार्यक्रम हुए। बजरंग ब्वायज क्लब एवं ग्रामवासियों द्वारा पूजा-अर्चना, चबूतरा निर्माण का भूमिपूजन, महायज्ञ और महाप्रसादी का आयोजन किया गया।

# ज्योत भवन निर्माण व पेवर ब्लॉक के लिए 25 लाख की मांग

**धमतरी।** महिमासागर वार्ड स्थित शीतला माता मंदिर परिसर में सुविधाओं के विस्तार को लेकर धीवर समाज ने महापौर रामू जगदीश रोहरा से राशि प्रदान करने का अनुरोध किया। समाज के पदाधिकारियों ने बताया कि नवरात्रि पर्व के दौरान सैकड़ों श्रद्धालुओं द्वारा मनोकामना ज्योत प्रज्ज्वलित की जाती है, लेकिन व्यवस्थित ज्योत कक्ष के अभाव में श्रद्धालुओं को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। मंदिर परिसर में विभिन्न समाजों द्वारा समय-समय पर धार्मिक एवं सामाजिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है,



जिससे यहां आधारभूत सुविधाओं के विस्तार की आवश्यकता महसूस की जा रही है। धीवर समाज ने महापौर रामू रोहरा से ज्योत भवन निर्माण के लिए 20 लाख रुपए तथा खुले प्रांगण में पेवर ब्लॉक लगाने के लिए 5 लाख रुपए कुल 25 लाख रुपए की राशि स्वीकृत करने की मांग की। महापौर ने कहा कि नगर के धार्मिक स्थलों का विकास उनकी प्राथमिकता में शामिल है। शीतला माता मंदिर केवल एक आस्था का केंद्र नहीं, बल्कि सामाजिक एकता का प्रतीक भी है। यहां आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधाओं को बेहतर बनाना हमारी जिम्मेदारी है। धीवर समाज द्वारा रखी गई मांग पूरी तरह से जनहित से जुड़ी है, जिस पर गंभीरता से विचार कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
> वात रोग > घुटने के दर्द > पीठ व कमर दर्द > स्पॉन्डिलाइटिस > लिगामेंट के दर्द
> साइटिका > गोल्फ एल्बो > फ्रोजन शोल्डर > शरीर मे जकड़न
जोड़ों, नसों, मांसपेशियों के सभी प्रकार के दर्द का इलाज
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003

Piles Care Clinic
ISO 9001:2015 Certified Clinic
Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर) फिशर्स, पिलोनिडल साइनस का
लेज़र मशीन /क्षार सूत्र द्वारा आपरेशन की सुविधा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### बरगद के पत्ते पर उकेरी भगवान हनुमान की दिव्य आकृति

**नगरी।** हनुमान जयंती पर आस्था और कला का अद्भुत संगम देखने को मिला। लीफ आर्टिस्ट विकास शांडिल्य ग्राम मोदे नगरी निवासी ने अपनी अनूठी कला के माध्यम से सभी का मन मोह लिया। उन्होंने बरगद के पत्ते पर भगवान हनुमान की सुंदर आकृति उकेरी, जिसमें माथे पर तिलक और कानों में बाली की बारीक नक्काशी विशेष आकर्षण का केंद्र रही। इस कलाकृति में श्री राम नाम को भी बेहद सृजनात्मक ढंग से उकेरा गया है, जो भगवान हनुमान की अटूट भक्ति को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि उनकी यह कला भगवान हनुमान के प्रति समर्पण और लोगों में भक्ति भाव जागृत करने का एक छोटा सा प्रयास है। इस अनूठी लीफ आर्ट को देखकर क्षेत्रवासियों ने कलाकार की प्रशंसा की और इसे भारतीय संस्कृति एवं धार्मिक आस्था का सुंदर प्रतीक बताया।

### पुरानी बात को लेकर मारपीट

**महासमुंद।** परसकोल के व्यक्ति के साथ पुरानी बातों को लेकर मारपीट किए जाने के मामले में दो आरोपियों के विरूद्ध सिटी कोतवाली में अपराध दर्ज किया गया है। पुलिस को गंगाराम बरिहा निवासी परसकोल ने बताया कि एक अप्रैल की रात गांव में कीर्तन के संबंध में मीटिंग रखा गया था। जब वह वापस लौट रहा था तब बैगापारा चौक के पास पुरानी बातों को लेकर चिंटू साहू ने गाली गलौज शुरू कर दी। जिसे सुनकर पुरूषोत्तम साहू ने भी आकर चिंटू साहू के साथ एक राय होकर गाली गलौज और जान से मारने की धमकी देते हुए मारपीट किया। मामले में दो आरोपियों के विरूद्ध जुर्म दर्ज किया गया है।

### बाइक चालक के कब्जे से देसी मसाला शराब जब्त

**महासमुंद।** रेलवे फाटक बेलसोंडा के पास कोतवाली पुलिस ने एक बाइक चालक के कब्जे से देशी मसाला शराब जब्त कर आरोपी के विरूद्ध कार्रवाई की। पुलिस ने सूचना मिलने पर आरोपी इरफान खान पिता यूसुफ खान (21 साल) निवासी वार्ड नं0 03 स्टेशन पारा महासमुंद के कब्जे से 50 पौवा देशी मशाला शराब कीमत 5000 रुपए रुपए और एक बाइक को बरामत कर धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की।

### अर्थदंड और बस्ती से अलग करने की धमकी आठ के विरूद्ध जुर्म दर्ज

**महासमुंद।** ग्राम बरेकेलकला में पंचायत चुनाव प्रचार की बात को लेकर दो व्यक्तियों को बस्ती से अलग करने की धमकी देकर 25-25 हजार रुपए अर्थदंड देने संबंधी दबाव बनाने संबंधी शिकायत आवेदन की जांच के बाद पटेवा पुलिस ने आठ लोगों के विरूद्ध अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

सुबह से मंदिरों में पवन पुत्र के दर्शन के लिए उमड़े भक्त, जगह-जगह प्रसादी का वितरण

# रूद्रावतार श्री हनुमान के जन्म महोत्सव पर उमड़ा जनसैलाब

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी





भगवान हनुमान के जन्मोत्सव पर पूरे शहर में आस्था, उत्साह और भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिला। शिव के रूद्रावतार माने जाने वाले पवन पुत्र हनुमान के प्राकट्य दिवस पर सुबह से ही मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। जयकारों, भजन-कीर्तन और हनुमान चालीसा के पाठ से वातावरण भक्तिमय हो गया।

पुराना बस स्टैंड स्थित हनुमान मंदिर में दिनभर विविध धार्मिक कार्यक्रम हुए। सुबह रुद्राभिषेक के साथ अनुष्ठान प्रारंभ हुआ, जिसके बाद सिंदूर लेप, भव्य श्रृंगार, जन्मोत्सव आरती, 56 भोग अर्पण और भंडारा प्रसादी वितरण किया गया। शाम को महाआरती, आतिशबाजी, रामधुनी और महाप्रसादी का आयोजन हुआ।

रामदेव बाबा मंदिर में प्रातः कालीन अभिषेक से कार्यक्रमों की शुरुआत हुई। श्रृंगार, आरती, पूजा-अर्चना, हनुमान चालीसा पाठ, सुंदरकांड और भजन संध्या जैसे आयोजन पूरे दिन चलते रहे। महाआरती के साथ श्रद्धालुओं को प्रसादी का वितरण किया गया।

रूद्री स्थित दक्षिणमुखी हनुमान धाम में प्रातः अभिषेक, हवन और पूजन के बाद प्रसाद वितरण किया गया। शाम को हनुमान जी की पालकी यात्रा निकाली गई, जिसने पूरे क्षेत्र को भक्तिमय बना दिया। मंदिर परिसर में शनिदेव, मां कुमाष्ठा देवी और भगवान शिव की आरती के साथ जसगीत कार्यक्रम भी हुआ, जिसमें जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति रही।



दीवान तालाब स्थित दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर में अखंड रामायण पाठ का आयोजन किया गया। रामायणी मंडली द्वारा व्याख्यान और भजन प्रस्तुति ने श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। वहीं पुरानी पुलिस लाइन स्थित श्री हनुमान गुड़ी मंदिर में दो दिवसीय आयोजन के तहत पूजा, हवन, रामायण पाठ और विशाल भंडारा आयोजित किया गया। शाम को सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ और भजन संध्या ने माहौल को और भी भक्तिमय बना दिया।

श्रीराम जानकी मठ मंदिर में रुद्राभिषेक, हनुमत हवन, महाआरती, 108 हनुमान चालीसा पाठ और सुंदरकांड का आयोजन हुआ। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने दर्शन कर महाभोज प्रसादी ग्रहण की। किले के प्राचीन हनुमान मंदिर में भी रुद्राभिषेक, हवन, आरती और संकीर्तन के साथ जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। पूजन श्रीकांत द्वारा संपन्न कराया गया। रोहिताश मिश्रा, पप्पू लोहाना, प्रीतेश गांधी, रितेश मिश्रा, पृथ्वीराज गांधी, दिव्यांश मिश,रा शिवांग मिश्रा, दिलीप राज सोनी, दिनेश अंबानी, राजेश शर्मा सहित अनेक श्रद्धालुओं ने महाआरती और भंडारा में भाग लिया। नागेश्वर मंदिर रिसाईपारा में भी हनुमान जन्मोत्सव पर विशाल भंडारा और महाआरती का आयोजन किया गया।

पूरे शहर में हनुमान जन्मोत्सव ने भक्ति, एकता और सांस्कृतिक उत्साह का संदेश दिया, जिससे धमतरी पूरी तरह भक्तिरस में डूबा नजर आया।

आस्था का अटूट केंद्र

# धमतरी का दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर, जहां हर मुराद होती है पूरी

- मंगलवार-शनिवार को उमड़ती है भक्तों की भारी भीड़, महाआरती में गूंजता है जयकारा

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



शहर के पुराना बस स्टैंड के पास स्थित दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर आस्था और श्रद्धा का प्रमुख केंद्र बन चुका है। यहां विराजमान हनुमानजी की महिमा दूर-दूर तक प्रसिद्ध है, जिसके चलते श्रद्धालु अपनी मनोकामना लेकर दूरदराज से यहां पहुंचते हैं और पूजा-अर्चना कर आशीर्वाद प्राप्त करते हैं।

मंदिर में प्रतिदिन सुबह और शाम विधिवत आरती की जाती है, जिसमें बड़ी संख्या में भक्त शामिल होते हैं। मंगलवार और शनिवार को यहां भक्ति का अलग ही माहौल देखने को मिलता है। महाआरती के बाद श्रद्धालुओं द्वारा भंडारे का आयोजन किया जाता है। पूजा के समय मंदिर परिसर में भारी भीड़ उमड़ती है।

मंदिर के पुजारी खेमराज तिवारी ने बताया कि इस मंदिर की स्थापना वर्ष 1965 में धमतरी निवासी रामेश्वर वैष्णव द्वारा की गई थी। धार्मिक आस्था और समर्पण के चलते उन्होंने धमतरी सहित पाटन, कुलिया और भाटागांव जैसे कई स्थानों पर हनुमान जी की प्रतिमाएं स्थापित कीं। धमतरी में उन्होंने पुराना बस स्टैंड, आमातालाब और शिव चौक के पास मंदिर स्थापित किए, जिसके कारण लोग उन्हें श्रद्धा से बजरंग महाराज कहकर पुकारने लगे।

उन्होंने बताया कि इस मंदिर का संचालन किसी समिति द्वारा नहीं, बल्कि भक्तों के सहयोग से किया जाता है। वर्तमान में रामेश्वर वैष्णव की तीसरी पीढ़ी मंदिर की देखरेख कर रही है। दूसरी पीढ़ी के महावीर मिश्रा और तीसरी पीढ़ी के राजवीर मिश्रा एवं सिद्धार्थ मिश्रा मंदिर की व्यवस्था संभाल रहे हैं।

मंदिर की विशेषता यह है कि यहां आने वाले श्रद्धालु सच्चे मन से प्रार्थना करते हैं और अपनी मनोकामनाओं की पूर्ति का अनुभव करते हैं। यही कारण है कि यह मंदिर न केवल धार्मिक आस्था का केंद्र है, बल्कि लोगों को भगवान के प्रति समर्पण और आध्यात्मिक जुड़ाव की प्रेरणा भी देता है।

## हनुमानजी की पूजा-अर्चना में शामिल हुए प्रीतेश

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



श्री हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर मठ मंदिर में श्री हनुमानजी का प्रातः 8 बजे दुग्धाभिषेक, हवन एवं पूजन हुआ। पूजा-अर्चना पण्डित श्रीकान्त के सानिध्य में हुआ। मठ मंदिर के पुजारी हनुवंश वैष्णव ने हनुमान जी का श्रृंगार व महाआरती सम्पन्न कराई। इस अवसर पर रोहिताश मिश्रा अध्यक्ष मठ मंदिर ट्रस्ट, पप्पू लोहाना ट्रस्टी सदस्य, अनूप मिश्रा, पूर्व ट्रस्टी स्व. नटवर लाल वल्लभदास गांधी परिवार प्रीतेश गांधी, रितेश मिश्रा, पृथ्वीराज गांधी, दिव्यांश मिश्रा, शिवांक मिश्रा व भक्तगण दिलीपराज सोनी, दिनेश अंबानी, परिलभ अग्रवाल, दीपक सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।

## डीपीएस में नए शैक्षणिक सत्र पर हुआ हनुमान चालीसा का पाठ





हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

हनुमान जयंती पर 2 अप्रैल को दिल्ली पब्लिक स्कूल में नए शैक्षणिक सत्र का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का आरंभ दीप प्रज्ज्वलन से हुआ, जिससे विद्यालय परिसर में शांत एवं आध्यात्मिक वातावरण का निर्माण हुआ। इसके बाद भगवान हनुमान की आरती की गई। विद्यार्थियों एवं शिक्षकों द्वारा हनुमान चालीसा का मधुर पाठ किया गया जिससे पूरा वातावरण भक्ति और सकारात्मक ऊर्जा से ओत-प्रोत हो गया। इस आयोजन का उद्देश्य विद्यार्थियों में साहस, समर्पण और दृढ़ता जैसे गुणों का विकास करना था। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य डॉ. नितिन कुमार शर्मा एवं उपप्राचार्य श्रीमती देबरचना रॉय ने अपने संबोधन में विद्यार्थियों को अनुशासित, एकाग्र एवं लक्ष्य के प्रति समर्पित रहने के लिए प्रेरित किया तथा जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में उत्कृष्टता प्राप्त करने का संदेश दिया।

## 862 सहायक प्राध्यापक नियमितीकरण की राह पर



हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

उच्च शिक्षा विभाग ने सीधी भर्ती से चयनित 862 सहायक प्राध्यापकों की तीन वर्षीय परिवीक्षा अवधि पूर्ण होने की सूची जारी कर दी है। 27 मार्च 2026 को जारी इस सूची के साथ ही इन प्राध्यापकों के नियमितीकरण की प्रक्रिया तेज हो गई है।

इस महत्वपूर्ण निर्णय से शासकीय महाविद्यालयों में शिक्षण व्यवस्था को मजबूती मिलने की उम्मीद है। हालांकि कुछ प्राध्यापकों की परिवीक्षा अवधि बढ़ाने और पुलिस सत्यापन से जुड़े मामलों पर विभाग द्वारा विचार जारी है।

इसी कड़ी में नवीन सहायक प्राध्यापक एवं राजपत्रित अधिकारी संघ छग के प्रतिनिधिमंडल ने उच्च शिक्षा मंत्री टंकराम वर्मा से मुलाकात कर आभार व्यक्त किया। संघ ने लंबित मामलों के शीघ्र समाधान की मांग भी रखी, जिस पर मंत्री ने सकारात्मक आश्वासन दिया। मुलाकात के दौरान डॉ. विजय कुमार साहू, डॉ. रेश्मी वासनीकर, डॉ. अशोक भारती, आशीष नेताम सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे। संघ के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. एडी बघेल ने इसे उच्च शिक्षा के लिए सकारात्मक कदम बताया।

## अधिकारियों ने बढ़ाया विशेष बच्चों का हौसला

**धमतरी।** समाज कल्याण विभाग द्वारा अनुदानित मानसिक दिव्यांग बच्चों के प्रशिक्षण एवं सेवा केंद्र सार्थक स्कूल के विद्यार्थियों की उपलब्धि पर जिला प्रशासन ने संवेदनशीलता और प्रोत्साहन का प्रेरणादायी उदाहरण प्रस्तुत किया। कलेक्टर अबिनाश मिश्रा एवं समाज कल्याण विभाग की उप संचालक डॉ. मनीषा पांडे ने सार्थक स्कूल के विद्यार्थियों सत्यांशु दीप एवं इशू बनपेला के छग यूनिफाइड फुटबॉल टीम में चयन पर उन्हें सम्मानित किया। सार्थक संस्था की अध्यक्ष डॉ. सरिता दोशी, स्पेशल एजुकेटर देविका दीवान एवं स्पोर्ट्स टीचर काजल रजक बच्चों सत्यांशु दीप, ईशू बनपेला के साथ उनके सहपाठी नेमेश सिन्हा एवं एकलव्य पटेल को लेकर कलेक्ट्रेट पहुंचे, जहां उन्होंने अधिकारियों से भेंटकर बच्चों के उज्ज्वल भविष्य हेतु आशीर्वाद प्राप्त किया। कलेक्टर एवं उप संचालक ने बच्चों से आत्मीय संवाद करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की और कहा कि यह उपलब्धि पूरे जिले के लिए गर्व का विषय है।

## भंडार क्रय नियमों का शत-प्रतिशत पालन करें : मिश्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

कलेक्टर अबिनाश मिश्रा की अध्यक्षता में कलेक्टोरेट सभाकक्ष में पीएम गतिशक्ति योजना एवं छत्तीसगढ़ भंडार क्रय नियम विषयक एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का उद्देश्य विभिन्न विभागों के मध्य समन्वय स्थापित करते हुए बुनियादी ढांचा विकास कार्यों को गति प्रदान करना तथा शासकीय क्रय प्रक्रियाओं में पारदर्शिता एवं दक्षता सुनिश्चित करना रहा।

कार्यक्रम में मास्टर ट्रेनर एवं उपसंचालक श्रीमती मौसमी राहा द्वारा पीएम गतिशक्ति योजना अंतर्गत राष्ट्रीय मास्टर प्लान, जीआईएस आधारित डिजिटल प्लेटफॉर्म, मल्टी-मॉडल कनेक्टिविटी तथा परियोजनाओं की समन्वित योजना एवं क्रियान्वयन के संबंध में जानकारी दी गई। इसके साथ ही छत्तीसगढ़ भंडार क्रय नियमों अंतर्गत शासकीय क्रय की प्रक्रियाएं, निविदा प्रबंधन, दर निर्धारण, गुणवत्ता मानक एवं ई-प्रोक्योरमेंट प्रणाली के प्रभावी उपयोग पर भी मार्गदर्शन प्रदान किया गया। उन्होंने बताया कि इन नियमों के पालन से शासकीय कार्यों में पारदर्शिता, प्रतिस्पर्धा एवं गुणवत्ता सुनिश्चित होती है।

कलेक्टर ने विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे पीएम गतिशक्ति पोर्टल का अधिकतम उपयोग करते हुए योजनाओं का समन्वित क्रियान्वयन करें तथा भंडार क्रय नियमों का शत-प्रतिशत पालन करें, जिससे विकास कार्यों में तेजी आए और संसाधनों का समुचित उपयोग हो सके।

## दस मरीजों का हुआ डेंटल प्रत्यारोपण

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी




- नि :शुल्क शिविर का मरीजों ने लिया लाभ

राष्ट्रीय मुख स्वास्थ्य कार्यक्रम अंतर्गत सिविल अस्पताल कुरूद में निःशुल्क डेंचर प्रत्यारोपण शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में 10 जरूरतमंद मरीजों को निःशुल्क डेंचर प्रत्यारोपण की सुविधा प्रदान की गई। उल्लेखनीय है कि इससे पूर्व 11 मार्च को इसी अस्पताल में मुख स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित किया गया था, जिसमें डेंचर की आवश्यकता वाले मरीजों की पहचान कर उनकी आवश्यक जांच की गई थी। चयनित मरीजों को आयोजित शिविर में डेंचर प्रत्यारोपण किया गया।

इस शिविर में डॉ. अश्वन कुमार ठाकुर दंत चिकित्सक, ऊषा ध्रुव दंत सहायक द्वारा मरीजों को सेवाएं प्रदान की गईं। कार्यक्रम के दौरान डॉ. यू. एल. कौशिक मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, डॉ. प्रिया कंवर जिला कार्यक्रम प्रबंधक, डॉ. हेमराज देवांगन बीएमओ, डॉ. श्रीकांत चंद्राकर जिला सलाहकार, रोहित पाण्डेय डीपीएम सहित स्वास्थ्य विभाग के अन्य कर्मचारी उपस्थित थे।




तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

